तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 25 .0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 13 जून 2026

10 डॉ. बीआर आंबेडकर लाइब्रेरी का नाम बदलने...



10 योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं



## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से सड़क पार कर रही महिला की मौत

**जींद**। किशनपुरा के निकट रोहतक रोड को पार कर रही महिला को बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतका के भतीजे की शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। किशनपुरा निवासी केलो देवी कार्यवश शहर आई थी। गत दस जून को ऑटो में सवार होकर अपने घर लौट रही थी। गांव के निकट ऑटो से उतर कर सड़क पार कर रही थी तो उसी दौरान रोहतक की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी।

### 21 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**जींद**। पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराध शाखा सफीदों की टीम ने 21 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार नशा तस्कर से नशा नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। अपराध शाखा सफीदों के प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि उनकी एक टीम बस अड्डा खोखरी के निकट गश्त करर रही थी। तभी सूचना मिली कि गांव बोहतवाला निवासी सुखजिंद्र, जो नशीले पदार्थों की तस्करी करता है।

### मोबाइल हैक कर खाते से उड़ाए ₹1.90 लाख

**जींद**। साइबर ठगों ने अध्यापक के मोबाइल को हैक कर लगभग एक लाख 90 हजार का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भूरायण निवासी राकेश कुंडू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सरकारी स्कूल मे जेबीटी अध्यापक के पद पर कार्यरत है। गत 28 मई को उसका मोबाइल फोन अचानक रीसैट होकर बंद हो गया। जब उसने फोन को ऑन किया तो सभी एप गायब थे।

### घर में घुस हमला करने पर 19 पर मामला दर्ज

**जींद**। गांव डिडवाडा में रंजिशन घर में घुस कर हमला करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने 13 लोगों को नामजद कर छह अन्य के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव डिडवाडा निवासी जसबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी शेर सिंह परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते गत पांच जून रात को शेर सिंह परिवार उनके घर में घुस आया और हमला कर दिया।

### किराना की दुकान से चोरी के आरोपी काबू

**अलेवा**। नगूरां चौंकी पुलिस द्वारा नगूरां में स्थित एक किराना की दुकान से पैसे चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा काबू किए गए आरोपियों कि पहचान नगूरां निवासी गोलू उर्फ नरेंद्र व साहिल तौर पर हुई है। अलेवा थाना प्रभारी आत्माराम ने बताया कि 10 जून को नगूरां निवासी प्रदीप ने नगूरां पुलिस चौकी में एक शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 जून को करियाना की दुकान के गल्ले से अज्ञात लोगों द्वारा लगभग साढ़े 6 हजार चोरी कर लिए है। पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का केस दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी थी।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद**। दुर्गा कालोनी से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दुर्गा कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी साढ़े 17 वर्षीय बेटी खाना खाकर अपने कमरे में सोई थी। जो सुबह कमरे से गायब मिली। तलाशने करने उसकी लड़की का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## धरौदी में दीवार गिरने से चार गोवंश की मौत, जींद में कई जगह जलभराव की समस्या से लोग बेहाल

# 337 खंभे, 27 ट्रांसफार्मर व 2225 पेड़ गिरे

### तूफान के कारण 70 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में रातभर बिजली गुल रही

**जिले में औसतन 14.6 एमएम बारिश दर्ज की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में वीरवार रात को आए तेज तूफान ने बिजली निगम, वन विभाग को भारी नुकसान पहुंचाया है। तूफान के कारण 2225 पेड़ गिर गए। इसके अलावा 337 बिजली के खंबे व 27 ट्रांसफार्मर भी गिर गए। इससे पूरे जिले में ब्लैकआउट जैसी समस्या रही। ग्रामीण क्षेत्र में तो 70 प्रतिशत क्षेत्र में रातभर बिजली गुल रही। जिले में औसतन 14.6 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा जींद में 29.6 एमएम बारिश हुई। बारिश से गर्मी से काफी राहत मिली है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार शाम तक जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया था। वहीं धरौदी में दीवार गिरने से चार गोवंश की मौत हो गई। जिले में औसतन 14.6 एमएम बारिश दर्ज की गई। इसमें जींद में सबसे ज्यादा 29.6 एमएम, नरवाना में 17, जुलाना में 17, उचाना में पांच, पिल्लूखेड़ा में 15 व अलेवा में चार एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं सफीदों में बूंदाबांदी हुई है। बारिश होने के किसानों को काफी राहत मिली है। इसके अलावा लोगों को गर्मी से भी काफी राहत मिली। रात से ही ठंडी हवाएं चलनी शुरू हो गई थी। शुक्रवार को दिनभर तेज धूप के बावजूद ठंडी हवाएं चलती रही। वीरवार शाम तक मौसम ठीक रहा। रात को साढ़े आठ बजे के बाद अचानक मौसम बदल गया और तेज हवाएं चलने लगी। तेज हवाएं चलने के कारण बारिश भी होने लगी। तेज हवाओं के कारण आए तूफान ने जिले में काफी नुकसान किया। जिले में 2225 पेड़ गिर गए। वन विभाग के अनुसार नरवाना में अधिक पेड़ गिर गए। जींद ब्लॉक के अलावा जुलाना में भी का पेड़ गिरे हैं। इसके अलावा बिजली निगम को भी इससे काफी नुकसान हुआ है। बिजली निगम के 337 पोल व 27 ट्रांसफार्मर गिर गए। वहीं काफी जगह बिजली के तार टूट गए। रातभर ग्रामीण क्षेत्र के 70 प्रतिशत भाग में ब्लैक आउट जैसी स्थिति रही। जींद शहर में भी काफी कालोनियों में रातभर बिजली गुल रही। बारिश होने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। वीरवार शाम तक जिले का तापमान 44 डिग्री के आसपास था, जो शुक्रवार सुबह 33 डिग्री दर्ज किया गया। दिनभर ठंडी हवाएं चलने से भी लोगों को गर्मी से राहत मिली। रात को आए तूफान से जिले में काफी जगह बिजली तार टूट गई। जिले में 337 पोल व 27 ट्रांसफार्मर गिरने से बिजली कई जगह गुल रही। ग्रामीण क्षेत्र में तो 70% रातभर बिजली नहीं आई। शहर के कानूनगो मोहल्ला, पटेल नगर, नई सब्जीमंडी के पीछे, डिफेंस कालोनी, अर्बन इस्टेट, सेक्टर 10, कृष्णा कालोनी, आशरी गेट, रानी तालाब, स्कीम नंबर पांच छह, चैंबर वाली धर्मशाला का एरिया, विकास नगर शर्मा नगर में बिजली कभी आई तो कभी चली गई।





जींद। जिला में जगह-जगह तेज तूफान से गिरे पेड़। फोटो :हरिभूमि

### नरवाना में गिरे सबसे अधिक पेड़

जिला वन अधिकारी पवन ग्रोवर ने बताया कि नरवाना क्षेत्र में तेज हवाओं के कारण ज्यादा नुकसान हुआ। वन विभाग के अनुसार पूरे जिले में वीरवार रात को आए तेज तूफान के कारण 2225 पेड़ गिर गए। कुछ पेड़ों को तो रात को ही उठाकर रास्ते खोले गए तो कुछ पेड़ों को सुबह उठाया गया। पहले भी तेज हवाओं के कारण काफी जगह पेड़ टूट गए थे। वन विभाग सभी ब्लाक के हिसाब से अपने पेड़ों की गिनती करता है।

### बिजली सप्लाई बहाल

बिजली निगम के एक्सईएन विकास मलिक ने बताया कि अधिकतर स्थानों पर रात को ही बिजली सप्लाई बहाल कर दी गई थी। ज्यादा ट्रांसफार्मर बदलने की जरूरत थी वहां सुबह तक सप्लाई बहाल हो गई थी। बिजली निगम को रात आए तूफान ने काफी नुकसान किया है। बिजली के पोल व ट्रांसफार्मर गिरने से कई स्थानों पर बिजली सप्लाई बाधित रही। इसके अलावा अनेक स्थानों पर बिजली की तार टूटने से भी बिजली प्रभावित रही। रात से ही बिजली कर्मचारी सप्लाई बहाल करने में जुट गए थे।

### कई स्थानों पर भरा पानी

रात को आई बारिश के बाद शहर में कई स्थानों पर पानी जमा हो गया। पानी की निकासी नहीं होने से लोगों को सुबह तक परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद पानी की निकासी सही तरीके से हो सकी। पटियाला चौक, जाट कालेज के सामने, सब्जी मंडी मोड, कृषि विभाग कार्यालय के सामने, शर्मा नगर के आसपास काफी पानी खड़ा हो गया था।



कलायत। शिमला गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भवन पर गिरा वृक्ष। फोटो :हरिभूमि

## कलायत में बरसात के साथ आए तूफान ने मचाई तबाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत क्षेत्र में बरसात के साथ आए तेज तूफान ने सड़कों, बाजारों, औद्योगिक इकाइयों, कृषि क्षेत्र और बिजली व्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाया।अनेक स्थानों पर पेड़ जड़ से उखड़ गए, दुकानों के छप्पर उड़ गए और घरों पर बिजली के पोल व तार गिरने से लोगों में दहशत का माहौल बन गया। तूफान से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सोलर पैनल यूनिटें क्षतिग्रस्त हो गईं। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें टूट गईं और वाहन भी दुर्घटनाओं का शिकार हुए। बाजारों में लगने वाली रेहड़ी-फड़ी संचालकों को भी भारी नुकसान झेलना पड़ा। तेज हवाओं के चलते दुकानों के बाहर लगाए अस्थायी ढांचे पूरी तहस-नहस हो गए। सबसे अधिक नुकसान बिजली निगम को हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 300 बिजली के पोल टूट गए या जमीन से उखड़ गए। इसके अलावा 30 से अधिक बिजली ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गए। इस व्यापक नुकसान के कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति करीब 24 घंटे तक पूरी तरह बाधित रही। बिजली गुल होने से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ किसानों और व्यापारियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली निगम के एसडीओ जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में विभागीय टीमें लगातार मरम्मत कार्य में जुटी रहीं। कर्मचारियों ने दिन-रात मेहनत कर पोलों और ट्रांसफार्मरों को दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया। विभाग द्वारा शहरी, ग्रामीण व कृषि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को चरणबद्ध तरीके से बहाल करने की रणनीति बनाई गई है।

# माइनर टूटने से 80 एकड़ जमीन जलमग्न

- कर्मियों ने जेसीबी की सहायता से माइनर को पाटने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

डाहौला के खेतों में शुक्रवार सुबह बधाना माइनर के ओवरफलो होकर टूटने से करीब 80 एकड़ जमीन जलमग्न हो गई। किसानों ने माइनर टूटने की सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही सिंचाई के जेई आसिफ अपने दलबल के मौके पर पहुंचे और जेसीबी की सहायता से टूटी माइनर को बंद करने का प्रयास किया लेकिन पीछे से पानी के तेज बहाव के कारण माइनर बंद नहीं हो पाई। माइनर टूटने से किसानों के खेतों में खड़ी धान की पौध, हरा चारा तथा बोरवेल खराब हो गए हैं। जिसके कारण किसानों में जिला प्रशासन के खिलाफ रोष है। किसानों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही और समय पर माइनर की साफ-सफाई न होने के कारण माइनर टूट गई। किसानों ने बताया कि माइनर के किनारे काफी समय से कमजोर हो चुके थे। जिसकी शिकायत भी कई बार सिंचाई विभाग को दी गई थी लेकिन इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शुक्रवार को अचानक माइनर टूट गई, जिससे तेज बहाव के साथ पानी खेतों में घुस गया और करीब 80 एकड़ जमीन जलमग्न हो गई। सुबह जब किसान खेतों में पहुंचे तो जमीन जलमग्न होते देख उनके होश उड़ गए। किसानों ने तुरंत इसकी सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते माइनर की मरम्मत कर दी जाती तो इतना बड़ा नुकसान नहीं होता। इस दौरान किसानों की धान की पौध, हरा चारा तथा बोरबल खराब हो गए।



अलेवा। माइनर टूटने से जलमग्न दिखाई देते खेत। फोटो :हरिभूमि

### वृक्षों की टहनियां और पत्ते गिरने से ब्लाक

सिंचाई विभाग के जेई आसिफ ने बताया कि रात को तेज अंधड़ से वृक्षों की टहनियां तथा पत्ते गिरकर माइनर ब्लॉक हो गई और खेतों में टूट गई। विभाग ने जेसीबी की सहायता से बंद करने का प्रयास किया लेकि न जेसीबी के लिए कम जगह पडने के कारण जेसीबी मशीन लगाने में दिक्कत आ रही है। जिसके चलते रेत के कट्टों की सहायता से माइनर को बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। पीछे से पानी भी बंद करवा दिया है। जिसके कारण जल्द ही माइनर में आई दरार को बंद करवा दिया जाएगा।

### कैथलः गांव खेड़ी शेरखां में युवक ने सल्फास खाकर जीवन लीला की समाप्त

**कैथल**। कैथल के गांव खेड़ी शेरखां में युवक ने सल्फास खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पास से सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उसने मौत का जिम्मेदार तीन व्यक्तियों को ठहराया है। इस संबंध में गांव खेड़ी शेरखां के शमशेर ने राजौंद थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी कुछ समय पुर गांव डूंमरखां खुर्द के दीपक के साथ की थी। कुछ समय पूर्व दीपक उनके घर आया तथा उसके बेटे अमन को कहा कि वह उसे रेलवे में टीटी की नौकरी लगवा देगा। इस पर उन्होंने विश्वास कर लिया तथा अमन 3.50 लाख रुपये देकर उसके जीजा दीपक के पास चला गया। दीपक उसे बीकानेर लेकर चला गया तथा वहां पर उसे रेलवे में चद्दर बदलने और साफ-सफाई के काम में लगवा दिया। उसे कहा की 2 माह में वह उसको रेलवे में टीटी के पद पर लगवा देगा। उसके लड़के को विश्वास हो गया कि वह रेलवे में सरकारी नौकरी पर लगा है। इसके बाद उन्होंने अमन की शादी 8 अप्रैल 2026 को जमौड़ी जिला झांसी की बेटी से करवा दी गई। शादी के बाद दीपक ने उसकी पुत्रवधू किरण के पिता वकील तथा उसके मामा जय भगवान ने बताया कि अमन रेलवे में कोई टीटी वगैरा नहीं है। वह ठेके पर लगा हुआ है।

# रिटायर्ड अकाउंटेंट को हन्नी ट्रैप में फंसाकर प्लाट व 60 लाख हड़पे

### आत्महत्या की धमकी देने व ब्लैकमेल करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोडवेज से रिटायर्ड अकाउंटेंट को हन्नी ट्रैप में फांस ब्लैकमेल कर प्लाट तथा 60 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर सात महिलाओं समेत दस लोगों के खिलाफ ब्लैकमेल करने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हमीरगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोडवेज से अप्रैल 2023 से रिटायर्ड कर्मी है। उनके गांव की रिंकू मिस्त्री की पत्नी शशी नरवाना बस अड्डे के सामने बुटीक की दुकान है। बुटीक पर गांव कर्मगढ़ निवासी मीना का पति, शीतल, पूनम, गांव खरल निवासी पलक काम करते थे। जनवरी 2023 में रिंकू तथा उसकी पत्नी शशी उसके पास प्लाट खरीदने आने लगे। रिंकू उसकी पत्नी शशी को बात करने के लिए भेजता था। शशी ने उसे झांसे में ले लिया। जिसके बाद उन्होंने तीन लाख रुपये में उसका प्लाट खरीद लिया। एक लाख पांच हजार रुपये देने के बाद शशी ने नजदीकी बढ़ा ली। जब भी रुपये मांगता तो मैं हूं की बात कह कर टाल देती। वर्ष 2023 मई माह में उसने शशी को बीएड में दाखिले के लिए 60 हजार रुपये लिए। अगस्त 2023 में शशी ने गांव खरकबूरा के निकट एक होटल में चाय के लिए बुलाया। चाय पीने के बाद उसकी तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद उसके साथ जबरन संबध बनाने की कोशिश की और अशील फोटो बना लिए। जिसके बाद उसे बदनामी का भय दिखा कर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। सितंबर 2023 में उसे शशी ने अंजु से मिलाया और अपनी बहन बता कर बैंक में नौकरी के लिए सात लाख रुपये मांगे। सितंबर 2023 में अपनी बहन मंजू के भाग जाने डर दिखा कर साढ़े आठ लाख ऐंठ लिए। आरोपित उसे आत्महत्या करने और बदनामी का भय दिखा कर उस और दबाव बढा दिया। मई 2024 से अगस्त 2024 तक शशी ने बुटीक के सामने चाय की दुकान चलाने वाले सतीश को 12 लाख रुपये जबरन दिलवाए।

### मामले की जांच जारी

सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर हमीरगढ़ निवासी शशी, उसके पति रिकू, अंजू, ज्योति, केल्लो, चाय वाला सुशील, पलक तथा एक अन्य के खिलाफ ब्लैकमेल कर रुपये ऐंठने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गढ़ी थाना के जांच अधिकारी संजय ने बताया कि व्यक्ति ने ब्लैकमेल कर प्लाट व राशि हड़पने की शिकायत दी थी। दस लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## जिला खेल अधिकारी ने किया था नर्सरियों का निरीक्षण, संचालकों को नोटिस जारी

# सात खेल नर्सरियों में मिली अनियमितताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में चल रही खेल नर्सरियों में से सात में अनियमितता पाए जाने पर जिला खेल विभाग की ओर से नर्सरी संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिला खेल अधिकारी कार्यालय की ओर से टीम ने खेल नर्सरियों में खिलाड़ियों को मिल रही सुविधाओं को जानने के लिए निरीक्षण किया था। इस दौरान कुछ नर्सरियों में कहीं कोच तो अन्य कमियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया है। इन नर्सरियों में बास्केटबाल, बैडमिंटन, घुड़सवारी कबड्डी व खो.खो जैसे खेल नर्सरियां शामिल हैं। जिले में इस सत्र में लगभग 131 खेल नर्सरियां चल रही हैं। इसमें से अप्रैल माह की शुरूआत में पहले सत्र में 117 खेल नर्सरियां और मई माह की शुरूआत में दूसरे चरण में 14 खेल नर्सरियां अलाट हुई थी। इसके अलावा 28 विभागीय खेल नर्सरियां चल रही हैं। अप्रैल माह में इस बार जिले को 117 निजी खेल नर्सरियां अलाट हुई थीए जो पिछली बार की तुलना में दोगुनी थी। पिछली बार जिले में 58 खेल नर्सरियां अलाट हुई थी। एक नर्सरी में 25 खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। खिलाड़ियों की आयु आठ से 19 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। इस सत्र में 29 खेलों के लिए 336 आवेदन सरकारी स्कूलों, ग्राम पंचायतों व निजी स्कूल की नर्सरी संचालकों द्वारा किए गए थे। इस बार की खास बात यह है कि निजी स्कूल संचालकों से भी नर्सरी के लिए आवेदन मांगे गए थे। जबकि पिछली बार केवल सरकारी स्कूलों व ग्राम पंचायतों को खेल नर्सरियां अलाट की गई थी। हालांकि इस बार भी नर्सरियां अलाट की गई हैंए उसमें राजकीय स्कूलों और ग्राम पंचायतों की संख्या ज्यादा, जबकि निजी स्कूल संचालकों को कम ही नर्सरियां अलाट की गई हैं। इस बार खेलों को बढ़ावा देने के लिए ओलंपिकख एशियन व कामनवेल्थ खेलों में शामिल खेल नर्सरी खोली गई हैं। विभाग द्वारा इन संस्थानों को हिदायत अनुसार 20 से 25 हजार रुपये प्रशिक्षकों को मानदेय व 1500 से दो हजार रुपये खिलाडिय़ों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। खिलाड़ी को माह में 22 दिन हाजिरी लगानी अनिवार्य होता है। हाजिरी के आधार पर ही खिलाडिय़ों को डाइट राशि प्रदान की जाती है। खेल विभाग की ओर से आठ से 14 वर्ष के खिलाड़ियों को 1500 रुपये और 15 से 19 वर्ष के खिलाड़ियों को दो हजार रुपये की राशि दी जाती है।



एकलव्य स्टेडियम।

### खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा दी जाए

जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि खेल नर्सरियों का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान नर्सरियों में खामियां मिली हैं। खामियां मिलने के चलते नर्सरी संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विभाग का प्रयास है कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा दी जाए जिससे वे खेलों में आगे आकर जिला व प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।



गुहला-चीका। कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को जागरूक करते।

### धान की नर्सरी में बौनापन रोग के लक्षण मिले

**गुहला-चीका**। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, गुहला तथा केंद्रीय एकीकृत कीट प्रबंधन केंद्र (सीआईपीएमसी) की संयुक्त टीम ने बुधवार को गांव कलर माजरा में धान की नर्सरियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ खेतों में धान की नर्सरी में बौनापन (ड्वार्फ) रोग अथवा फिजी वायरस के लक्षण पाए गए। अधिकारियों ने किसानों को रोग एवं इसे फैलाने वाले कीटों के प्रति सतर्क रहने तथा समय रहते नियंत्रण उपाय अपनाने की सलाह दी। निरीक्षण दल में सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत, के.पी. शर्मा, सुरजीत बर्मन तथा कृषि विभाग गुहला से उपमंडल कृषि अधिकारी कंचन शर्मा, खंड कृषि अधिकारी अमी लाल और बीटीएम सचिन कुमार शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि यह रोग मुख्य रूप से सफेद पीठ वाला तेला नामक रस चूसने वाले कीट के माध्यम से फैलता है। इसके नियंत्रण के लिए किसानों को अनुशंसित कीटनाशकों का प्रयोग करने की सलाह दी गई। बताया कि डिनोटेफुरान 70 प्रतिशत डब्ल्यूजी की 88 ग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर अथवा बेंज़पाइरिमोक्सान 10 प्रतिशत एवं पाइमेट्रोज़ीन 20 प्रतिशत मिश्रित दवा की 500 से 700 ग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव किया जा सकता है। बेहतर परिणाम के लिए दवा का प्रयोग पौधों की जड़ों के निकट किया जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर

जींद। 12वें योग दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को एसडीएम होशियार सिंह के मार्गदर्शन में जुलाना की नई अनाज मंडी में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कॉमन योग प्रोटोकॉल का आयोजन किया गया। इसका आयोजन आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेदिक अधिकारी नोडल अधिकारी ब्लॉक जुलाना डा. कुसुम की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के कर्मियों, जन प्रतिनिधियों, योग स्वास्थ्य कर्मियों, खिलाड़ियों तथा आम नागरिकों ने भाग लिया। डा. कुसुम ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।

### जयंती देवी मंदिर में रक्तदान शिविर आज

जींद। जयंती देवी मंदिर में 13 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर डेयरी एसोसिएशन प्रधान रमेश ढिल्लो, नगर परिषद उप प्रधान प्रतिनिधि हरीश कौशिक, नर्सिंग ऑफिसर मनीषा बरसाना होंगी। समिति प्रधान ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इसलिए प्रत्येक युवा रक्तदान जरूर करें। समिति महासचिव विनोद शर्मा एवं संयोजक प्रवीण सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह नौ बजे से शुरू होकर दो बजे तक चलेगा।

### भाकियू का तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन कैंप 16 से

जींद। भारतीय किसान यूनियन द्वारा हरिद्वार में तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर का आयोजन 16 से 18 जून को किया जाएगा। शिविर में देशभर से बड़ी संख्या में किसान नेता और कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस दौरान किसानों की समस्याओं तथा सरकार की नीतियों पर विस्तार से चर्चा कर समाधान के लिए चिंतन और मंथन किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी दुल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर में देश के विभिन्न प्रदेशों से किसान भारी संख्या में पहुंचेंगे।

### निर्वाचित होने पर तरुण चुघ को दी शुभकामनाएं

उचाना। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर तरुण चुघ को भाजपा नेता पं. दीपक बुडायन ने उनके दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। पं. दीपक बुडायन ने कहा कि तरुण चुघ का राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचन भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। विश्वास जताया कि चुघ अपने लंबे संगठनात्मक अनुभव और नेतृत्व क्षमता के बल पर राज्यसभा में जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने का कार्य करेंगे।

### डॉ. अर्चना के जींद आगमन पर होगा भव्य स्वागत : राणा

उचाना। भाजपा उचाना मंडल महामंत्री रमेश राणा ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता 16 जून को जींद स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचेंगी। प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद उनका यह पहला जींद दौरा होगा। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। राणा ने बताया कि डॉ. अर्चना गुप्ता के प्रथम जींद आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उचाना हलके से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेंगे। डॉ. अर्चना गुप्ता का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा तथा पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

### अवैध कनेक्शन पेयजल वालों को नोटिस

उचाना। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने अवैध पानी, सीवरेज कनेक्शन करने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। अवैध रूप से कनेक्शन लेने के मामले में नोटिस जारी किए गए हैं। विभाग की ओर से आगे भी जांच जारी रखी जाएगी। एसडीओ सुनीता देवी ने बताया कि अवैध पानी कनेक्शनों की पहचान करने के लिए विभाग ने दो विशेष टीमें गठित की हैं। टीमें सर्वे कर ऐसे पता लगा रही हैं जिन्होंने बिना अनुमति पानी के कनेक्शन लिए हुए हैं।

## रानी तालाब पर संविधान निर्माता की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया

# डॉ. बीआर आंबेडकर लाइब्रेरी का नाम बदलने पर जताया रोष

### प्रदेश सरकार केवल बनी बनाई चीजों का नाम बदलने में रखती है विश्वास: कुमारी सैलजा

### बाबा साहेब के नाम पर अधिक काम करवाने के लिए अनुदान दे सरकार: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। रोष प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद सैलजा। फोटो :हरिभूमि

कांग्रेस, अनुसूचित जाति के लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री द्वारा सरपंचों के माध्यम से भारत रत्न बाबा साहब डॉ. बीआर आंबेडकर लाइब्रेरी का नाम बदल कर अटल लाइब्रेरी करने को लेकर शुक्रवार को रोष जताया। कांग्रेस कार्यकर्ता तथा अनुसूचित जाति के लोग रानी तालाब पर डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा पहुंची। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर, अनमदीप बेलरखां, विजेंद्र ढाठरथ, इशाक भट्टी, पवन, सतपाल सत्तू, दीपक पिंडारा, दिनेश डाहौला, विजेंद्र सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। आंबेडकर चौक रानी तालाब में प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर के नाम पर संचालित पुस्तकालय का नाम बदलना करोड़ों लोगों की भावनाओं को आहत करने वाला कदम है। पहले से बने और संचालित भवनों पर केवल नए फ्लेक्स बोर्ड लगाने से बाबा साहब का नाम इतिहास से नहीं मिटाया जा सकता है। यदि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर सम्मान व्यक्त करना चाहती है तो नए विकास कार्य करेए नई योजनाएं शुरू करे और युवाओं के भविष्य को मजबूत बनाए।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश और देश का युवा बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं और अवसरों की कमी से जूझ रहा है। नीट जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं सामने आती हैं, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है और सरकार 12 वर्षों की उपलब्धियां दिखाने के लिए पुराने संस्थानों के नाम बदलने में लगी हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस निर्णय की समीक्षा की जाए तथा पुस्तकालय का नाम पुनः भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय किया जाए। कुमारी सैलजा ने कहा कि जनता अब नाम बदलने की राजनीति की वास्तविकता को समझ चुकी है। सरकार को अपनी नीयत स्पष्ट करनी चाहिए और समाज को बांटने वाले ऐसे कदमों से परहेज करना चाहिए। इसके उपरांत कुमारी सैलजा नरवाना क्षेत्र के गांव दनौदा कलां पहुंची, जहां उन्होंने सर्वजातीय बिनैन खाप के चबूतरे पर स्थापित सर्वजातीय बिनैन खाप पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुस्तकालय किसी भी समाज की बौद्धिक और सांस्कृतिक चेतना के केंद्र होते हैं। पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना और युवाओं को ज्ञान से जोडऩा समय की आवश्यकता है।

#### आंदोलन को मजबूर

सांसद ने समाज के सभी वर्गों से शिक्षा और पुस्तकालय आंदोलन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। सांसद कुमारी शैलजा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि सामूहिक मेहनत का नतीजा था कि गांवों में जगह-जगह पर भारत रत्न बाबा साहब डा. बीआर अंबेडकर लाइब्रेरी खोली गई। यह सरकार केवल और केवल नाम बदलने, पुरानी स्कीमें खत्म कर नाम देने में माहिर है। जो लोगों ने काम किए हैं, उसका नाम बदलने का काम सरकार कर रही है। सरकार अपना कुछ नही दे रही है। सांसद ने कहा कि बाबा साहेब का नाम मिटा कर सरकार को क्या मिलेगा, यह समझ नही आ रहा है। सरकार को बाबा साहेब के नाम पर अधिक काम करने चाहिए, अनुदान देने चाहिए। वाजपेयी के नाम पर भी अच्छे काम करें। अगर सरकार ने अटल पुस्तकालय बनाना है तो उसके लिए अलग से जगह पर बनाया जाए। अगर सरकार ऐसा नहीं करती तो वो आंदोलन करने पर मजबूर होगा। जिसकी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी।



जींद। जनसमस्याओं के निपटान को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए डीसी।

## सीएम विंडो शिकायतों के त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम विंडो ऑनलाइन ग्रीवांस मॉनिटरिंग एंड रिड्रेसल सिस्टम के तहत प्राप्त शिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में डीसी डा. वैशाली शर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम विंडो पर दर्ज प्रत्येक शिकायत का गंभीरता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया की वे स्वयं नियमित समीक्षा कर रही हैं तथा लंबित मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण करवाया जाएगा। इससे पूर्व चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा ने सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि वर्तमान में प्राप्त अधिकांश शिकायतें ऋण संबंधी मामलों से संबंधित हैं। ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विंडो आमजन की समस्याओं के समाधान का एक महत्वपूर्ण माध्यम है और इसके माध्यम से नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना प्रशासन की जिम्मेदारी है। डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि शिकायतों के संबंध में गुणवत्तापूर्ण, तथ्यात्मक एवं संतोषजनक एक्शन टेकन रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने कहा कि एटीआर केवल औपचारिकता न होकर शिकायत के समाधान की वास्तविक स्थिति को दर्शाने वाली होनी चाहिए। रिपोर्ट में किए गए कार्यों, समाधान की प्रक्रिया तथा संबंधित दस्तावेजों का सही उल्लेख किया जाए ताकि शिकायत निवारण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लंबित शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

### बराह खुर्द में किया फीवर मास सर्वे

जींद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के तहत गांव बराह खुर्द में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ्य सुपरवाइजर विजेंद्र सिंह की अगुवाई में रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाकर ग्रामीणों को मच्छरजनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच कीए बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की तथा मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। टीम द्वारा जिन लोगों को बुखार की शिकायत मिलीए उनकी ब्लड स्लाइड तैयार कर जांच के लिए लैब में भेजी गई ताकि समय रहते मलेरिया जैसी बीमारियों की पुष्टि कर उपचार शुरू किया जा सके। स्वास्थ्य सुपरवाइजर विजेंद्र सिंह ने बताया कि बरसात और गर्मी के मौसम में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है।



जींद। जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि



लघु सचिवालय परिसर में धरना-प्रदर्शन कर रहे किसान मजदूर।

### संयुक्त किसान मोर्चे का धरना जारी

नरवाना। नरवाना तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व मे 1514 वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता शीशपाल गुलाडी ने की और मंच संचाल मास्टर बलजीत सिंह माण्डी ने किया। मंच सांझा करते मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने बताया कि मौजूदा सरकार का चाल चरित्र और चेहरा आप के सामने आ चुका है क्यों कि सरकार जो करती है वो कभी करती नहीं ,जो करती है वो कभी कहती नहीं वो चाहे भारत अमेरिका ट्रेड डील का मामला हो ,चाहे स्मार्ट मीटर का मामला हो, चाहे पेट्रोल,डीजल, गैस ,खरीद का मामला हो ,चाहे बिजली बिल 2025 को वापस लेने का मसला हो ,चाहे सीड बिल का मामला हो, मामले में देश न्यू ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना की ओर रहा हैं।

### टीचिंग एट द लाइट लेवल का आयोजन

नरवाना। केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत टीचिंग एट द राइट लेवल विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन इंटर्नशिप कोऑर्डिनेटर कृष्ण कुमार एवं डॉ राजवीर नैन के निर्देशन में किया गया। प्रशिक्षण को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में तैयार मसौदे के रूप में बीए द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में विशेष तौर से आमंत्रित मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कल्याणी ने भी संबोधित किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को बच्चों की सीखने की क्षमता के अनुसार शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रभावी शिक्षण तकनीकों का ज्ञान प्रदान करना था। प्रो. राजेश श्योकंद, सविता, मधु, सुखवीर मोर, सुमन दूल, पूनम आदि मौजूद रहे।



नरवाना। छात्रों को संबोधित करते अतिथिगण अतिथयो सुनते विधार्थी।



जींद। किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करती डा. प्रीति मलिक।

### प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया

जींद। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा तथा कृषि विज्ञान केंद्र जींद के संयुक्त तत्वावधान में गांव बुडायन गांव में प्राकृतिक खेती जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती की आधुनिक, वैज्ञानिक एवं टिकाऊ तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र की विशेषज्ञ डा. प्रीति मलिक ने कहा कि प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता है। इससे खेती की लागत में कमी आती है, मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है तथा जल एवं पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने किसानों को रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस नेता संजीव डूमरखा।

### हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना जरूरी

उचाना। कांग्रेस नेता संजीव डूमरखा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट-2) की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। बीएलए-2 मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने, नए मतदाताओं का पंजीकरण कराने तथा पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करवाने में अहम जिम्मेदारी निभाते हैं। कांग्रेस संगठन भी बूथ स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को कार्य के लिए सक्रिय कर रहा है। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना जरूरी है। बीएलए-2 कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने के साथ-साथ सूची में त्रुटियों को दूर कराने में भी सहयोग करते हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची से जोडऩे का कार्य करें। कांग्रेस संगठन बूथ स्तर को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

## नियमित योगाभ्यास के लाभ बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



योग शिविर में हिस्सा लेते एसडीएम रमित यादव एवं अधिकारी, कर्मचारी।

उचाना मंडी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुष विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम रमित यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगाचार्य कुलदीप सिंह, सतीश कुमार ने प्रतिभागियों को योग की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया और नियमित योगाभ्यास के लाभों के बारे में जानकारी दी। डॉ. चेतना शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। सभी से दैनिक जीवन में योग को शामिल करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया। इस मौके पर बीईओ उचाना ओमप्रकाश आर्य, सतीश कुमार, उषा रानी, सुरेंद्र कुमार, संदीप सिंह, मीना शर्मा मौजूद रही।



औचक निरीक्षण पर हाजरी रजिस्टर को चैक करते एसडीएम रमित यादव।

### गैर हाजिर को नोटिस जारी कर मांगा स्पष्टीकरण

उचाना। सरकारी विभागों में गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों की अब खैर नहीं है। एसडीएम रमित यादव गैर हाजरी रहने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ सख्त नजर आ रहे है। यहां पर लोगों से भी बातचीत की। निरंतर एक्शन मोड में नजर आ रहे एसडीएम रमित यादव के सरकारी विभागों के औच्चक निरीक्षण का आमजन से सराहना की। एसडीएम रमित यादव ने शुक्रवार को साढ़े नौ बजे जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय का औच्चक निरीक्षण किया। यहां पर हाजरी रजिस्ट्रर को चैक किया। जो कर्मचारी गैर हाजिर मिले उनको नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगने के साथ-साथ डीसी जींद को भी लिया। मंगलवार को एसडीएम ने बिजली निगम कार्यालय का भी औच्चक निरीक्षण किया था। एसडीएम ने बताया कि निरंतर इस तरह के औचक निरीक्षण कार्यालयों के जारी रहेंगे। अधिकारी, कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचे ताकि कार्य के लिए आने वाले लोगों को इंतजार न करना पड़े।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रशिक्षण कार्यक्रम

# योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते साधक। फोटो :हरिभूमि

सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय अनाज मंडी में लगातार दूसरे दिन उपमंडल स्तरीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका सफीदों की चेयरपर्सन अनीता अदलखा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। 11 जून से शुरू हुआ यह योग रिहर्सल कार्यक्रम 13 जून तक चलेगा। राज्य सरकार के दिशा निर्देशन में चल रहे इस योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिदिन योग साधक तथा उपमंडल स्तरीय सरकारी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों के अलावा जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। योग प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि पहुंची नगर पालिका चेयरपर्सन अनीता अदलखा ने कहा कि 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को समूचे राष्ट्र के साथ-साथ सफीदों में भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब देश का प्रत्येक नागरिक स्वस्थ, जागरूक आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर बनेगा। योग व्यक्ति को आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच की प्रेरणा देता है। जब व्यक्ति मजबूत होगा तभी समाज और राष्ट्र भी मजबूत बनेंगे।

#### स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दें

कहा कि यदि देश का प्रत्येक नागरिक स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लें तो विकसित भारत का सपना निश्चित रूप से साकार होगा। इस दिशा में योग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा आगामी 21 जून का दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने उपमंडल वासियों से अपील की कि वह इस योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर योग क्रियाओं से शरीर में होने वाले लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश प्रचार सचिव बने महाबीर मित्तल



सफीदों। सफीदों क्षेत्र के समाजसेवी महाबीर मित्तल को अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा में प्रदेश प्रचार सचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला द्वारा मित्तल की सामाजिक सक्रियता, संगठन के प्रति समर्पण और पत्रकारिता में लंबे अनुभव को ध्यान में रखते हुए की गई है। इस नियुक्ति की खबर मिलते ही नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में अग्र बंधुओं में खुशी की लहर दौड़ गई। महाबीर मित्तल को बधाई देने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, पत्रकारों और गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त चयन बताया तथा कहा कि मित्तल के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा और समाज के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा कि उन्हें महाबीर मित्तल की कार्यशैली और अनुभव पर पूरा भरोसा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मित्तल संगठन की नीतियों और उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए प्रदेश स्तर पर समाज को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त प्रदेश प्रचार सचिव महाबीर मित्तल ने इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला और संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया हैए उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## खबर संक्षेप

### राजकीय महाविद्यालय में करवाए योगासन

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय राजौंद में हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार योग क्लब द्वारा दूसरे दिन योग गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक होशियार सिंह ने विद्यार्थियों को सूक्ष्म योग, स्थल योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, कपालभाति सहित विभिन्न योग आसनों एवं प्राणायाम की विस्तृत जानकारी दी।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान समारोह 15 को

**ढांड।** भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं ढांड मार्केट कमेटी चेयरमैन विजेंद्र सिंह मैहला ने अपने कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी की नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के सम्मान में 15 जून को कैथल स्थित वृंदावन गार्डन में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा के सभी मोर्चों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट से 100 लोगों को मिला इलाज

**पूंडरी।** ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की पहल पर नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट लगातार जनसेवा कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 में पहुंची, जहां लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार का लाभ उठाया।

### 41 हजार 853 लोगों की घर बैठे बनी पेंशन : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्ष के कार्यकाल के दौरान आमजन के कल्याणार्थ अनेकों योजनाएं चलाई लागू की गई। जिनका सीधा लाभ जिले के पात्र लोगों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंच रहा है। जिसकी वजह से वर्ष 2022 से अब तक 41 हजार 853 लोगों की घर बैठे ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन बनी है।

### छात्रों को दी प्राणायाम आसनों की जानकारी

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय राजौंद में हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार स्पेशल योग क्लब के क्वार्टरली कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को योग से संबंधित विशेष जानकारी व्याख्यान के माध्यम से प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों नेबढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान योग क्लब की इंचार्ज स्नेह लता ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

### ग्राम पंचायत ने चलाया साफ-सफाई अभियान

**कैथल।** प्रदेश सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित राज्यव्यापी व्यापक प्रचार अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत खेड़ी शेरू, खानपुर, चुहड़ माजरा, चौशाला में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### रोहित के कांस्य जीतने पर किया सम्मानित

**राजौंद।** गांव कौल निवासी रोहित बूरा को पेरिसियन कुश्ती में कांस्य पदक जीतने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। रोहित बूरा ने वियतनाम में आयोजित अंडर-23 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के 87 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर देश, प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है।रोहित बूरा की इस उपलब्धि को पूरे हरियाणा और

### बिजली कष्ट निवारण फोरम की बैठक 18 को

**कैथल।** अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि आम उपभोक्ताओं की बिजली संबंधित शिकायत निवारण के लिए उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम के अध्यक्ष योग राज की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक 18 जून को 11 से दोपहर बाद 2 बजे तक स्थानीय कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

## डीसी अपराजिता ने प्रशासनिक अधिकारियों संग सुनी ग्रामीणों की समस्या

# दिल्लोवाली सहित दस गांवों में नहरी पानी परियोजना जल्द होगी पूरी

- डीसी ने जारी किए निर्देश
- गांव दिल्लोवाली में आयोजित हुआ रात्रि प्रवास कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

गांव दिल्लोवाली में रात्रि प्रवास कार्यक्रम में डीसी अपराजिता ने लोगों की शिकायतें सुनीं और मौके पर ही उनके समाधान के निर्देश दिए। गांव की सरपंच सोनिया देवी, वीरभान, सतपाल, ज्ञान चंद व राजपाल आदि ग्रामीणों ने फूल मालाओं व पुष्पगुच्छ के माध्यम से गांव में पहुंचने पर डीसी अपराजिता व अन्य अधिकारीगण का स्वागत किया। डीसी ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के साथ-साथ गांव दिल्लोंवाली सहित आस-पास के दस गांवों के लिए नहरी पानी परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि पेयजल की समस्या का समाधान हो सके। डीसी अपराजिता ने सबसे पहले कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद डीसी ने ग्रामीणों की गंभीरता से समस्याएं सुनी। गांव की सरपंच सोनिया देवी ने गांव की समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा। सरपंच ने कहा कि गांवों में बहुत से विकास कार्य हुए हैं, जिसमें गांव की सड़कें, गलियां, सोलर लाइट, सीसीटीवी कैमरे व अन्य विकास कार्य किए गए हैं। गांव के तालाब में से पानी की निकासी की समस्या का समाधान करवाया जाए। साथ ही तालाब का सौंदर्यीकरण भी करवाया जाए। गांव के स्कूल से लेकर जनरल चौपाल तक तारों को बदला जाए। गांव में आरओ प्लांट लगवाया जाए। सूखा व गीला कचरा के लिए वाहन उपलब्ध करवाया जाए। इन सभी समस्याओं के निपटान के लिए डीसी अपराजिता ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए।


**कैथल।** डीसी अपराजिता और एसपी मनप्रीत सिंह गांव दिलोंवाली में बेटी बचाओ बेटी पढाओ की शपथ दिलाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### अंजली को किया सम्मानित

गांव की बेटी अंजली पुत्री राजकुमार ने उड़ीसा में नेशनल यूथ फेस्टिवल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान तथा राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के लिए डीसी अपराजिता ने प्यारी बेटी मुहीम के तहत अंजली को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। यह लड़की गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ती है। डीसी ने कहा कि अब लड़कियां अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है। जिला रैडक्रॉस सचिव रामजी लाल ने नशे से दूर रहने और लोगों को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई।

### छात्रों के बारे में अवगत करवाया

डीसी अपराजिता ने कहा कि राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की प्रतिभा कम नहीं है, बल्कि प्रदेश में उन्होंने अपने क्षेत्र का नाम चमकाया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं में दमखम दिखाने वाले सरकारी स्कूलों के बच्चों के बारे में अवगत करवाया। डीसी ने लिंगानुपात विषय पर ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या, बेटियों की प्रति नकारात्मक सोच के कारण लिंगानुपात प्रभावित होता है। जब समाज में बेटियों की संख्या कम हो जाती है, तो इसका असर सामाजिक व्यवस्था पर पड़ता है। इसलिए हमें समाज को आगे बढ़ाना है और बेटियों की सुरक्षा करते हुए उन्हें पढ़ाना भी है। एसपी मनप्रीत सूदन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान का भी ग्रामीणों में असर देखने को मिला। लोगों ने एसपी की कार्यप्रणाली की खुलकर प्रशंसा की।


**कैथल।** वर्कशॉप के दौरान एनआइआइएलएम के विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

# 15 दिवसीय बहुप्रतीक्षित स्किल स्पिरिट विवि वर्कशॉप प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय, कैथल ने विश्वविद्यालय सेमिनार हॉल में अपने बहुप्रतीक्षित स्किल स्पिरिट यूनिवर्सिटी वर्कशॉप का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया। विशेष रूप से, इस 15 दिवसीय स्किल स्पिरिट यूनिवर्सिटी वर्कशॉप में विद्यार्थियों का पंजीकरण पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएँ कौशल आधारित शिक्षा का लाभ उठा सकें। साथ ही, छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके लिए निःशुल्क बस सेवा की व्यवस्था भी की गई है। एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय, कैथल में आयोजित स्किल स्पिरिट यूनिवर्सिटी वर्कशॉप उद्घाटन समारोह का शुभारंभ ज्ञान, विकास और नई शुरुआत का प्रतीक पारंपरिक दीपदान समारोह से हुआ। समारोह में डॉ. एकता चहल, सुश्री शालिनी अरोरा (एचओडी - ब्यूटी एंड वेलनेस विभाग), डॉ. राहुल सिंह (फैशन विभाग), शेफ रिंकू प्रजापति और श्री शिवम और डॉ. कोमल (नृत्य एवं संगीत विभाग) सहित कई प्रतिष्ठित संकाय सदस्य उपस्थित थे।

### जानकारी साझा

डॉ. एकता चहल ने विद्यार्थियों के लिए इस तरह की कार्यशालाओं के महत्व और लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को कौशल-आधारित शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें विश्वविद्यालय के उन अवसरों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जो उनके भविष्य के विकास और करियर में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। सभी विभागीय विशेषज्ञों ने अपना परिचय दिया और अपने-अपने कार्यशालाओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी साझा की, जिससे भाग लेने वाले छात्रों में उत्साह और जिज्ञासा का संचार हुआ। उद्घाटन के बाद, सौंदर्य एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत /"साड़ी सूत्र/" का प्रथम सत्र सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और व्यावहारिक शिक्षा प्राप्त की। ये कार्यशालाएँ 10 जून से 25 जून 2026 तक निर्धारित हैं, और विश्वविद्यालय को आने वाले दिनों में और अधिक छात्रों की भागीदारी की उम्मीद है ताकि वे इन अनूठे शिक्षण अवसरों का लाभ उठा सकें। एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल की इस कार्यशाला का उद्देश्य कौशल सशक्तिकरण भविष्य का निर्माण सुनिश्चित करना है।

# सीएम सैनी का जताया आभार

- जींद जिले में शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जींद जिले में शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत करने के लिए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हृदय से आभार किया है। जींद जिले में 50 एमबीबीएस सीटों वाले मेडिकल कॉलेज की स्थापना का निर्णय केवल एक शैक्षणिक संस्थान की स्थापना नही बल्कि हजारों युवाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम है। इस मेडिकल कॉलेज के माध्यम से जिले के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में उच्च चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा तथा भविष्य में यहां से निकलने वाले डॉक्टर देश और समाज की सेवा कर जींद का नाम गौरवान्वित करेंगे। इस महत्वपूर्ण परियोजना को साकार करने में माननीय डिप्टी स्पीकर के निरंतर प्रयास, दूरदर्शी सोच एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सकारात्मक नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। समय-समय पर डा. मिड्ढा द्वारा इस विषय को सरकार के समक्ष प्रभावी रूप से रखा गया। जिसके परिणामस्वरूप जींद की जनता को यह ऐतिहासिक सौगात प्राप्त हुई। इसी उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ता आशुतोष शर्मा ने डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा से विशेष मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया तथा जींद जिले की समस्त जनता की ओर से इस ऐतिहासिक कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी विशेष धन्यवाद किया, जिनके नेतृत्व में यह महत्वपूर्ण सपना साकार हो पाया। जींद की जनता सदैव इस ऐतिहासिक योगदान को याद रखेगी।


**जींद।** डिप्टी स्पीकर से मिलते आशुतोष शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

### कलायत में जनकल्याण शिविर का आयोजन 16 को

**कलायत/गुहला-चीका।** एसडीएम अजय हुड्डा ने कहा कि पात्र व्यक्तियों तक केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 16 जून से 18 जून तक बीडीपीओ कार्यालय चीका तथा एसडीएम कार्यालय कलायत में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेगें। शिविर के दौरान आमजन किसी भी योजना का लाभ प्राप्त कर सकता है। शुक्रवार को एसडीएम अजय हुड्डा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संबंधित विभागों के अधिकारियों को कहा कि अपने-अपने विभाग से संबंधित योजना का लाभ आमजन जन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

अग्रवाल युवा सभा कैथल के प्रधान, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मोदी मित्र रामप्रताप गुप्ता ने बीते दिवस हरियाणा भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष अर्चना गुप्ता से उनके पानीपत स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनंदन एवं सम्मान किया। इस अवसर पर अग्रवाल युवा सभा कैथल के महासचिव मोहनलाल गुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। रामप्रताप गुप्ता ने समस्त अग्रवाल समाज एवं कैथल जिले की ओर से अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन प्रदेश में और अधिक सशक्त एवं जनहितकारी कार्य करेगा। रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है और इसकी शक्ति कार्यकर्ताओं की निष्ठा, सेवा भावना एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पण में निहित है। उन्होंने कहा कि अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठनात्मक दृष्टि से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।


**कैथल।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता का स्वागत करते समाजसेवी रामप्रताप गुप्ता *फोटो : हरिभूमि*

### देश का गौरव बढ़ा

रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लोकप्रिय और सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले प्रधानमंत्रियों में शामिल हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने विश्व मंच पर अपना गौरव बढ़ाया है और आज देश आत्मनिर्भरता, विकास एवं वैश्विक नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों और दूरदर्शी नेतृत्व से करोड़ों देशवासियों का जीवन सकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ है।

# जलभराव व बाढ़ रोकथाम के लिए सभी इंतजाम समय रहते पूरे करें

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

आगामी मानसून सीजन को देखते जिला प्रशासन ने बाढ़ एवं जलभराव से निपटने की तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में डीसी डा. वैशाली शर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर बाढ़ संभावित क्षेत्रों, नालों एवं ड्रेनों की स्थिति का जायजा लिया और सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि मानसून के आगमन की संभावना को देखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव तथा बाढ़ जैसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी विभाग सतर्क रहें और अपनी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में पिछले वर्षों के दौरान जलभराव की समस्या सामने आई थीए उन सभी संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां पर्याप्त संख्या में पंप सेट उपलब्ध करवाए जाएं।


**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी डा. वैशाली शर्मा।

# संत कबीरदास के आदर्शों पर चलने का आह्वान

- गांव डाहौला में संत शिरोमणि कबीर दास की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

उचाना हलके के गांव डाहौला में संत शिरोमणि कबीर दास की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने संत कबीर दास को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अत्री ने कहा कि संत कबीर दास ने समाज को सत्य, मानवता, भाईचारे और समानता का संदेश दिया। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने सदियों पहले थे। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास ने जात-पात, ऊंच-नीच और सामाजिक बुराइयों का विरोध करते हुए समाज को एकता और सद्भाव का मार्ग दिखाया। विधायक अत्री ने उपस्थित लोगों से संत कबीर दास के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।


**उचाना।** डाहोला गांव में कार्यक्रम में पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

# त्रिदिवसीय कॉमन प्रोटोकॉल प्रशिक्षण में साधकों ने सीखे योग के गुर



**जींद।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में महानिदेशक आयुष हरियाणा के आदेशानुसार तथा जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के मार्गदर्शन में जींद जिले के सभी खंडों में उपमंडल प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रशासनिक अधिकारी, अन्य सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, सरंपच, पंच अन्य निर्वाचित सदस्य पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्काउट कैडेट एंव इच्छुक जन साधारण को प्रशिक्षण देने के लिए त्रिदिवसीय कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 से 13 जून तक आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को योगाभ्यास से जोडना तथा आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयार करना है।

### जून माह में पुलिस रही अपराधियों पर भारी

**कैथल।** पुलिस ने जिले में अमन-चैन एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ नशा एवं शराब तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे /"नशा मुक्त हो जिला/" अभियान के तहत जून माह के पहले 10 दिनों में जिला पुलिस ने नशा एवं शराब तस्करी से जुड़े 29 मामलों में कार्रवाई करते हुए 40 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के दौरान 11 मामले दर्ज कर 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 69.330 किलोग्राम डोडा पोस्त, 21.850 किलोग्राम गांजा, 3.239 किलोग्राम अफीम, 1 किलो 84 ग्राम चरस तथा 121.019 ग्राम हेरोइन सहित बड़ी मात्रा में लाखों मूल्य का नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

**बैठक** बाईपास, गैस एजेंसी व सीसीटीवी लगाने के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

# नगर पालिका हाउस की बैठक में खुला सीवन के विकास का रास्ता, 28 एजेंडे किए पास

हरिभूमि न्यूज ⏭सीवन

नगर पालिका कार्यालय में शुक्रवार को हाउस की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष हेमलता सैनी ने की। बैठक में नगर पालिका के सभी 16 निर्वाचित पार्षदों के साथ दो मनोनीत पार्षद भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान नगर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते नगर पालिका अध्यक्ष हेमलता सैनी ने बताया कि हाउस की बैठक में कुल 38 एजेंडों पर विचार किया गया। इनमें से 28 एजेंडे सर्वसम्मति से पास किए गए, जबकि तीन एजेंडों को आगामी बैठक के लिए लंबित रखा गया। इसके अलावा सात ऐसे एजेंडे थे जो नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते थे, इसलिए उन्हें अस्वीकार कर दिया गया। हेमलता सैनी ने बताया कि नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को ध्यान में रखते हुए नगर में गैस एजेंसी स्थापित करवाने का प्रस्ताव बैठक में रखा गया था, जिसे हाउस ने मंजूरी दे दी है। इससे भविष्य में क्षेत्र के लोगों को घरेलू गैस संबंधी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि सीवन नगर कैथल-पटियाला मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण यहां वाहनों का आवागमन लगातार बढ़ रहा है, जिससे यातायात संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर के बाईपास निर्माण का प्रस्ताव भी बैठक में पास किया गया है।


**सीवन।** नगर पालिका की हाउस की बैठक में भाग लेते पार्षद। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

बैठक में एफएमसी (फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी) के गठन को लेकर भी निर्णय लिया गया। हाउस द्वारा पार्षद सुखदेव तथा पार्षद मनजीत कौर को एफएमसी कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका सचिव दीपक कुमार सहित सभी पार्षद एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### दूषित पानी की निकासी न होने से लोग परेशान

**पाई।** करोड़ा गांव में पाई रोड़ पर बने गंदे नाले की पानी की निकासी न होने के कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए एक अनोखे नाले को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीण राजेश, धर्म सिंह, अमरनाथ, महिपाल, सुरेश, ओमप्रकाश, सतीश कुमार, धर्मबीर, संजय, महेंद्र, दीपक आदि ने बताया कि विभाग के जेईं और एसडीओ पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि तीन, चार महीने पहले बने इस नाले की कहीं कोई निकासी ही नहीं है उन्होंने तंज कसते हुए इसे 'विश्व का आठवां अजूबा' बताया और मजाकिया लहजे में अधिकारियों को राष्ट्रपति अवार्ड देने की मांग की। उल्लेखनीय है कि पाई रोड पर जलभराव और बंद नाले के कारण 'श्री साईं पब्लिक स्कूल' के बच्चों की सुरक्षा दांव पर है। ग्रामीण सतवीर सिंह ने बताया कि गंदा पानी यहाँ जमा हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### असलहा सप्लाई करने का आरोपी काबू

**कैथल।** अवैध असला-अमुनेशन सप्लाई करने वाले अपराधियों के खिलाफ एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार लगातार कार्रवाई की जा रही है। सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में एएसआई राजीव की टीम द्वारा असला सप्लाई करने के मामले में आरोपी वार्ड नं 5 चीका निवासी अमीर खान को काबू कर लिया गया। 10 जून को गांव खरक पाडवा से सजूमा को जाने वाली सड़क पर आरोपी खरौदी निवासी अशोक उर्फ शौकी को एक 315 बोर देसी कट्टा तथा 5 जिंदा कारतूस सहित काबू किया था।

### 1 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त सहित तस्कर काबू

**कैथल।** थाना सिविल लाइन द्वारा कैथल क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 1 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुभाष नगर कैथल निवासी सोनू से नशीला पदार्थ डोडा पोस्त बेचने का काम करता हैं। जो अभी समशान घाट सुभाष नगर कैथल के पीछे किसी को नशीला पदार्थ देने के लिए आने वाला हैं। इस पर उसे सुभाष नगर कैथल रोड पर नाकाबंदी करके काबू किया गया।

### दो दोषियों को पांच-पांच वर्ष कैद की सजा

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अर्चना यादव की अदालत ने दो नशा तस्करों को पांच-पांच वर्ष का कठोर कारावास व प्रत्येक को 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 28 मार्च 2018 को सीआईए स्टाफ कर्मी गांव बुडायन के निकट आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखे हुए थे। उसी दौरान पुलिस कर्मियों ने दो लोगों को रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके पास थैलों से चूरापोस्त बरामद हुआ। जिनका वजन आठ किलोग्राम पाया गया था।

### योजनाओं के प्रति लोगों को किया जागरूक

**नरवाना।** केन्द्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गांव पीपलथा की सरपंच मनप्रीत कौर के निर्देशानुसार सामाजिक कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

### मलेरिया के खिलाफ किया जागरूक

**कलायत।** मलेरिया बीमारी के कदमों को रोकने के लिए कलायत का स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है। इसके तहत एसएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेश कुमार की अगुवाई में अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को मलेरिया से बचाव के प्रति सजग किया जा रहा है। पानी की टंकियों व पानी ठहरने के स्थानों की जांच की जा रही है। नागरिकों की स्वास्थ्य जांच के लिए सैंपल लिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि मलेरिया मादा एनाफ्लिज नामक मच्छर के काटने से होता है।

## एक माह पहले भी पकड़ा गया था फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र

# नागरिक अस्पताल की साख दांव पर जांच की आंच से झुलसेंगे कई चेहरे


**पहले भी उठते रहे हैं सवाल, अब सीएमओ कार्यालय का चालक ही रिश्वत लेते पकड़ा गया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में दिव्यांता प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर मिलीभगत के समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। अभी एक माह पहले अस्पताल प्रबंधन को वेरिफिकेशन के लिए दिल्ली के रामजस कालेज से जाति प्रमाण पत्र का पत्र मिला था। पत्र में जो दिव्यांगता प्रमाण पत्र था, उस पर अस्पताल के डिप्टी मेडिकल सुप्रीटेंडेंट की मोहर व हस्ताक्षर फर्जी थे। जिसकी जांच पूरी नही हुई थी कि शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय के ही चालक जगदीश को दिव्यांग प्रमाण पत्र अपडेट करवाने के नाम पर एंटी करप्शन ब्यूरो सिरसा की टीम ने 44 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। ऐसे में अस्पताल की दिव्यांगता प्रमाण पत्र विंग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। अगर पीड़ित 44 हजार दे देता तो उसका दिव्यांगता प्रमाण पत्र अपडेट हो जाता नही तो उसके लिए वो लगातार धक्के खा रहा था। अब इस गौरखधंधे के पीछे-पीछे कौन-कौन है, रिश्वत राशि चालक ने खुद रखनी थी या किस-किस के पास बांटी जानी थी, यह जांच का विषय है।

- जांच से खुलेगा राज चालक के साथ किसकी मिलीभगत

**एक मामले की जांच पूरी होने से पहले ही पकड़ में आ गया दूसरा फर्जीवाड़ा**


CIVIL HOSPITAL Jind, Haryana
Dr. Rajesh Bhola Dy Medical Superintendent Jind, Haryana
Dr. SURESH JAIN Medical Officer

वह प्रमाण पत्र जो अस्पताल में वेरिफिकेशन के लिए आया था।

### मामले की होगी जांच : सीएमओ

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि चालक जगदीश सीएमओ कार्यालय का है। दिव्यांगा प्रमाण अपडेट करवाने के नाम पर उसके द्वारा रिश्वत लिए जाने का मामला संज्ञान में आया है। मामले की गहनता से जांच करवाई जाएगी।

### कैसे होता है गोरखधंधा, जांच का विषय

गांव फुलिया खुर्द निवासी सोनू ने एंटी करप्शन ब्यूरो को दी शिकायत में बताया कि उसके एक हाथ में दिक्कत है और पिछले 16 साल से उसका दिव्यांगता प्रमाण पत्र बना हुआ है। पांच साल में इसे रिन्यू करवाना होता है। उसने अपने दिव्यांगता प्रमाण पत्र को रिन्यू करवाने के लिए नागरिक अस्पताल के चक्कर काटने शुरू किए लेकिन किसी को तरस नही आया। उसका प्रमाण पत्र तो बन गया लेकिन वह ऑनलाइन अपडेट नही हुआ। इसके लिए गांव के ही जगदीश जोकि सीएमओ कार्यालय का चालक है से संपर्क किया तो 90 हजार रुपये मांगे। मामला 44 हजार रुपये में सेट हो गया। अब यह 44 हजार रुपये किस के पास जाने थे, कैसे सोनू का दिव्यांगता प्रमाण पत्र अपडेट होना था, इस गौरखधंधे में और कौन शामिल है, यह जांच का विषय है।

### वेरिफिकेशन में पकड़ा गया था फर्जी हस्ताक्षर

रोहतक की डीएलएफ कालोनी निवासी अक्षत ने दिल्ली के रामजस कालेज में गत वर्ष दाखिल लिया था। उसने कालेज में दाखिले के समय जाति प्रमाण पत्र और दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया था। इसी आधार पर उसे बीए अर्थशास्त्र में दाखिल मिल गया था। कालेज प्रशासन को अक्षत द्वारा दिए गए कागजातों पर संदेह हुआ। अक्षत द्वारा जो दिव्यांगता व जाति प्रमाण पत्र दिए थे, वह नागरिक अस्पताल जींद से सत्यापित हुए थे। रामजस कालेज प्रशासन ने इन दस्तावेजों की वेरिफिकेशन के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया। इन पर डिप्टी मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डा. राजेश भोला के हस्ताक्षर व मोहर थी। जब यह कागजात वेरिफिकेशन के लिए डा. राजेश भोला के पास आए तो वह उनकी मोहर व फर्जी हस्ताक्षर देखकर दंग रह गए। जो दिव्यांगता प्रमाण पत्र अस्पताल को मिला है, उसमें जो पत्र क्रमांक व फाइल नंबर लिखा है वह नागरिक अस्पताल के रिकार्ड में मैच हो रहा है। अस्पताल में इस प्रकार के प्रमाण पत्रों के लिए कोई भी व्यक्ति आवेदन करता है तो उस फाइल नंबर व कुछ क्रमांक लगाया जाता है। इस क्रमांक नंबर के आधार पर ही उसका रिकार्ड रखा जाता है। इससे मामला साफ है कि अस्पताल का कर्मचारी ही इस प्रकार का पत्र क्रमांक व फाइल नंबर लगा सकता है। बाहरी व्यक्ति को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं होती। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने सिविल सर्जन को लिखे पत्र में कहा कि जो दस्तावेज उनको जांच के लिए दिए गए थे, वह फर्जी हैं। किसी भी प्रकार का जाति प्रमाण पत्र कभी भी स्वास्थ्य विभाग जारी नहीं करता है। इसके अलावा जो दिव्यांगता प्रमाण पत्र हुआ है उस पर उनके जो हस्ताक्षर किए गए हैं वह फर्जी हैं। इसके अलावा उनकी मुहर भी फर्जी है।

## न्यूज डायरी



### योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन दिखा उत्साह

**नरवाना।** लघु सचिवालय प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय श्योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन भी शहरवासियों और प्रशासनिक अधिकारियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। श्करो योग, रहो निरोगश के संकल्प के साथ चले इस विशेष सत्र में उपस्थित लोगों ने तन और मन को स्वस्थ रखने के गुर सीखे। शिविर के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण श्योकंद और खंड शिक्षा अधिकारी नरवाना संतोष कौशिक ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत में पर्यावरण संरक्षण का एक सुंदर संदेश देते हुए दोनों मुख्य अतिथियों को पौधे देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने योगाभ्यास में स्वयं भाग लेकर सभी को स्वास्थ्य और प्रकृति के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उत्कृष्ट और ऊर्जावान मंच संचालन जयपाल द्वारा किया गया।



### भूंसला में भाजपा नेता हरपाल सिंह का सम्मान

**गुहला-चीका।** गांव भूंसला में हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी (पंजाबी) के निदेशक एवं शुगरफैड के पूर्व चेयरमैन सरदार हरपाल सिंह के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उन्हें सिरोपा पहनाकर सम्मानित किया और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष आवाज उठाने पर आभार जताया। गुरुद्वारा साहिब में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए हरपाल सिंह ने कहा कि उन्हें मिला यह सम्मान वास्तव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनहितैषी नीतियों और कार्यों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। हरपाल सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आबादकार पट्टेदारों को जमीन का मालिकाना हक देने का वादा किया था, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं।



### किसी भी बच्चे को मजदूरी में न लगाएं: अग्रवाल

**कैथल।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर एमडीडी ऑफ इंडिया, कैथल द्वारा जिले में बाल श्रम उन्मूलन एवं बाल अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के पैन-इंडिया रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन अभियान 4.0 के अंतर्गत बाल कल्याण समिति, कैथल के अध्यक्ष भीम सेन अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। भीम सेन अग्रवाल स्वयं विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर पहुंचे और दुकानदारों तथा आम नागरिकों को बाल श्रम के दुष्प्रभावों, बाल अधिकारों तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी बच्चे को मजदूरी में न लगाएं तथा बच्चों को शिक्षा एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में सहयोग करें।

### 15 जून को खुलेंगे भाग्य के द्वार : सत्यनारायण

**उचाना।** ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या के दिन 15 जून को अधिकमास समाप्त होने के साथ सूर्य मिथुन राशि में प्रवेश करेगा। ज्योतिषाचार्य एवं ग्रह गोचर विशेषज्ञ पं. सत्यनारायण शांडिल्य के अनुसार सूर्य के राशि परिवर्तन को संक्रांति कहा जाता है और इस बार सूर्य का मिथुन राशि में प्रवेश कई राशियों के लिए विशेष शुभ फलदायी साबित हो सकता है। शांडिल्य ने बताया कि जिस माह में संक्रांति नहीं आती, वही अधिकमास कहलाता है। अधिकमास की समाप्ति पर सूर्य का मिथुन राशि में प्रवेश होना विशेष महत्व रखता है। मिथुन राशि सूर्य के लिए अनुकूल मानी जाती है। यहां सूर्य का मिलन स्वराशि बुध से होगा, जिससे बुधादित्य योग का निर्माण होगा। साथ ही सूर्य पर शनि की अशुभ दृष्टि का प्रभाव भी समाप्त हो जाएगा। सूर्य 16 जुलाई तक मिथुन राशि में रहेगा। उन्होंने कहा कि सूर्य के मिथुन राशि में प्रवेश से शासन और प्रशासन की नीतियों में बदलाव, नई योजनाओं के क्रियान्वयन तथा आर्थिक नीतियों में संशोधन देखने को मिल सकता है। व्यापारियों के लिए भी नई योजनाएं बनाने और विस्तार करने का यह अनुकूल समय रहेगा। संचार और बुद्धि के ग्रह बुध की राशि मिथुन में सूर्य का प्रवेश मानसिक तीक्ष्णता, रचनात्मकता और निर्णय क्षमता को बढ़ावा देगा। मीडिया, विपणन, लेखन तथा संचार क्षेत्र से जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिलने की संभावना है।

### खाद और डीजल की महंगाई से किसानों पर बढ़ा बोझ

**राजौंद।** इंडियन नेशनल लोकदल के जिला मीडिया प्रभारी कंवर पाल राणा ने कहा कि सरकार द्वारा लगातार खाद और डीजल के दामों में बढ़ोतरी किए जाने से किसानों की खेती की लागत में भारी इजाफा हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसान पहले ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और अब बढ़ती महंगाई ने उसकी कमर तोड़ दी है। राणा ने कहा कि डीजल के बढ़े दामों का सीधा असर खेती पर पड़ रहा है, क्योंकि ट्रैक्टर चलाने, सिंचाई करने और फसल की ढुलाई तक हर काम में डीजल की आवश्यकता होती है। ऐसे में डीजल महंगा होने से प्रति एकड़ लागत सैकड़ों रुपये बढ़ गई है।उन्होंने बताया कि सरकार ने जरूरी खादों जैसे यूरिया,डीएपी और पोटाश के दामों में भी भारी बढ़ोतरी की है,जिससे किसान चारों तरफ से घिर गया है। किसान अब यह सोचने पर मजबूर है कि खेती करना फायदे का सौदा है या घाटे का। कंवर पाल राणा ने आरोप लगाया कि यह सब योजनाबद्ध तरीके से किसानों और कृषि व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि किसान देश की रीढ़ है और यदि किसान कमजोर होगा तो देश भी कमजोर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई किसानों को अंदर ही अंदर खत्म कर रही है।

## क्रिकेट की तरह कबड्डी को भी मिलेगा आईपीएल जैसा मंच : गुलाब सिंह सैनी

- एशिया कबड्डी फेडरेशन जल्द करवाएगा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी



**पूंडरी।** जानकारी देते हुए एशिया कबड्डी फेडरेशन के चेयरमैन गुलाब सैनी।

एशिया कबड्डी फेडरेशन के चेयरमैन गुलाब सिंह सैनी ने कहा कि कबड्डी खेल को अब क्रिकेट की आईपीएल तर्ज पर नए स्वरूप में आगे बढ़ाया जाएगा। कबड्डी को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए फेडरेशन लगातार काम कर रही है। जहां क्रिकेट दुनिया के करीब 14 देशों में प्रमुख रूप से खेला जाता है, वहीं कबड्डी 40 से अधिक देशों में खेली जा रही है। यह खेल हरियाणा और पंजाब की मिट्टी से जुड़ी पारंपरिक पहचान है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। गुलाब सिंह सैनी पूंडरी में सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार पिलनी के प्रतिष्ठान पर बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब कबड्डी खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। इस खेल में युवाओं का भविष्य सुरक्षित है और आने वाले समय में खिलाड़ियों को शोहरत के साथ आर्थिक मजबूती मिलेगी।

## श्रद्धालुओं को नहीं होगी सोमवती अमावस्या पर स्नान में परेशानी

**जींद ।** ऐतिहासिक एवं धार्मिक पांडु पिंडारा तीर्थ स्थल पर आगामी 15 जून को सोमवती अमावस्या के अवसर पर नहाने के लिए पानी उपलब्ध होगा। जो तीर्थ कुछ दिन पहले खाली था वो अब धीरे-धीरे पानी से भर रहा है। पिंडारा तीर्थ पर आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों को लेकर एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने अपने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि सोमवती अमावस्या लंबे अंतराल के बाद आ रही है। जिसके चलते इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पांडु पिंडारा तीर्थ पर पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा कानून एवं व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग समय रहते अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करें।



**जींद।** सोमवारी अमावस्या पर लगने वाले मेले के संदर्भ में पांडू पिंडारा तीर्थ स्थल पर जरूरी सुविधाओं का निरीक्षण करते एसडीएम सत्यवान सिंह मान।



**गुहलाचीका।** बैठक के दौरान पैक्स प्रबंधकों को जागरूक करते कृषि अधिकारी।

## वितरण में न करें लापरवाही, किसानों को जरूरत अनुसार मिले खाद: कंचन

**गुहला-चीका।** उपमंडल कृषि अधिकारी कंचन शर्मा ने गुरुवार को चीका में पैक्स प्रबंधकों की बैठक लेकर किसानों को उर्वरकों के सुचारु एवं पारदर्शी वितरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही खाद उपलब्ध करवाई जाए तथा किसी भी स्तर पर अनियमितता या कालाबाजारी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक के दौरान कंचन शर्मा ने सभी पैक्स प्रबंधकों को निर्देश दिए कि किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहे और फसलों की उत्पादकता में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पैक्स केंद्र पर किसानों की मांग के अनुरूप उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसी भी किसान को खाद की कमी का सामना न करना पड़े। उपमंडल कृषि अधिकारी ने खाद की आवक एवं वितरण से संबंधित अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के निर्देश भी दिए।

## दिनभर भीषण गर्मी सता रही, रात में नागरिकों को बिजली कटौती रुला रही

- बार-बार कट की वजह से ठीक से सो नहीं पा रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद

पिछले कई दिनों से शहर में पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। आसमान से बरस रही आग जैसे हालातों के चलते लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है, मानो शहर थम-सा गया हो। गर्म हवाओं के तेज थपेड़ों ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण बच्चे, बुजुर्ग और कामकाजी लोग सबसे अधिक परेशान हैं। आमजन गर्मी से राहत पाने के लिए दिनभर ठंडे स्थानों की तलाश में जुटे रहते हैं। उधर, बिजली के खासकर रात को अघोषित कटौती ने लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। रात में बार-बार लगने वाले कटों से न केवल लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है, बल्कि गर्मी में राहत के साधन भी बेअसर साबित हो रहे हैं। नागरिक अमन, राहुल, सुभाष, विरेंद्र, हवा सिंह ने कहा है कि भीषण गर्मी के इस दौर में रात को बिजली कटौती बेहद कष्टदायक साबित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि रात को बिजली आपूर्ति को सुचारु किया जाए ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके।

गर्मी और बिजली संकट के इस दोहरे प्रहार ने शहरवासियों का जीवन कठिन बना दिया है।



**राजौंद।** रात को जींद रोड पर आएं फाल्ट के कारण बिजली बार-बार बाधित होती रही।

### नाबालिग बच्चियों के अपहरण मामले का आरोपी काबू

**कैथल।** नाबालिग बच्चियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए एसएचओ थाना कलायत पीएसआई अमन की अगुवाई में पीएसआई अमित कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव अन्दाना पंजाब निवासी रमन को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बात्ता निवासी चन्द्रपति की शिकायत अनुसार उनकी बेटी रेखा सुबह सजुमा रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर कुरुक्षेत्र जाने के लिए घर से निकली थी। उसके साथ उसकी दो भानजियां करीब 13 तथा 9 वर्ष भी रेलवे स्टेशन जाने वाली थी। इसी दौरान एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक दोनों बच्चियों को रेलवे स्टेशन छोड़ने के बहाने अपने साथ ले गया, लेकिन उन्हें स्टेशन पर न उतारकर पंजाब की तरफ ले जाने लगा। रास्ते में गांव सिणंद-धनोरी रोड के पास मोटरसाइकिल खराब होने पर बच्चियों ने शोर मचाकर राहगीरों को पूरी घटना बताई। राहगीरों द्वारा सूचना दिए जाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और बच्चियों को सकुशल अपने साथ ले गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## सांसद सैलजा ने किया अवलोकन, 11 लाख की ग्रांट का ऐलान

# दनौदा की हाईटेक लाइब्रेरी बनी ग्रामीण शिक्षा की मिसाल

**युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा पुस्तकालय**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरवाना



**नरवाना।** दनोदा गांव में कुमारी सैलजा ने लाइब्रेरी का किया अवलोकन।

ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को बढावा देने और युवाओं को बेहतर अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में दनौदा गांव की लाइब्रेरी एक नई पहचान बना रही है। इसी कड़ी में सिरसा से सांसद एवं सर्वजातीय बिनैण खाप की बेटी कुमारी सैलजा ने रविवार को दनौदा पहुंचकर लाइब्रेरी का अवलोकन किया। लाइब्रेरी का निरीक्षण करने के बाद कुमारी सैलजा ने कहा कि गांवों में शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाने के लिए इस प्रकार की पहल समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सर्वजातीय बिनैण खाप द्वारा बच्चों और युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा यह कार्य वास्तव में सराहनीय है। आज के दौर में शिक्षा ही वह माध्यम है जो युवाओं को नई दिशा और बेहतर अवसर प्रदान कर सकता है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त लाइब्रेरी स्थापित करना सामाजिक क्रांति के समान है।

### साकार होंगे युवाओं के सपने

सांसद सैलजा ने कहा कि दनौदा की यह लाइब्रेरी केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं के सपनों को साकार करने का केंद्र बनेगी । लाइब्रेरी के विकास और विद्यार्थियों की जरूरतों को देखते हुए कुमारी सैलजा ने अपने सांसद निधि कोष से 11 लाख रुपये की ग्रांट देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस राशि का उपयोग लाइब्रेरी में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार, अध्ययन सामग्री और विद्यार्थियों के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने में किया जाएगा। उनके इस ऐलान से उपस्थित ग्रामीणों और युवाओं में खुशी की लहर दौ? गई। प्रधान रघुबीर नैन ने अपने संबोधन में कहा, शिक्षा से बडा कोई दान नहीं होता। इस अवसर पर सर्वजातीय बिनैण खाप के उपप्रधान भगत राम, महामंत्री बलजीत फौजी, कोषाध्यक्ष रामेहर नैन, प्रवक्ता संदीप दनौदा, रोलद तपा प्रधान जगपाल नैन, धमतान तपा प्रधान डॉ. प्रीतम नैन, कांग्रेस कृषक प्रकोष्ठ अध्यक्ष ईश्वर नैन, सरपंच किताबो देवी, जोगेंद्र नैन, तिरलोक नैन, सहित खाप पदाधिकारी, गणमान्य व्यक्ति, ग्रामीण और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

### कपिल मुनि ड्रेन एवं एसटीपी का निरीक्षण

**कलायत।** किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अजय हुड्डा ने शुक्रवार को श्री कपिल मुनि ड्रेन एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्रेन के ओवरफ्लो होने तथा पब्लिक हेल्थ विभाग की पाइपलाइन में लीकेज संबंधी शिकायतों की मौके पर जांच की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीओ इरिगेशन मैकेनिकल, एसडीओ पब्लिक हेल्थ कलायत तथा एसडीओ इरिगेशन (सिविल) कलायत भी उपस्थित रहे। किसानों द्वारा प्रशासन को शिकायत दी गई थी कि श्री कपिल मुनि ड्रेन के ओवरफ्लो होने से आसपास के क्षेत्र में परेशानी उत्पन्न हो रही है।